समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026

# IRB बोर्ड ने दी ₹8,450 करोड़ की डील को मंजूरी, नए रोड प्रोजेक्ट्स के लिए होगा फंड इस्तेमाल।

Publisher Published on 31 May 2025



## तीन हाईवे एसेट्स के ट्रांसफर से जुटेगी भारी रकम, IRB ग्रुप के एसेट बेस मे आएगा बड़ा उछाल।

**मुंबई : IRB इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स लिमिटेड** ने अपनी तीन प्रमुख **बीओटी (बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर) हाईवे एसेट्स** को **आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट** के जरिए **पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेटं ट्रस्ट (InvIT**) में ट्रांसफर करने के सौदे को 8,450 करोड़ रुपये में मंजूरी दे दी है। इस ट्रांजैक्शन से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल ₹15,000 करोड़ के नए रोड प्रोजेक्ट्स की फंडिंग में किया जाएगा।

सौदे में शामिल एसेट्स कौन-कौन से हैं?
**IRB इंफ्रास्ट्रक्चर** ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि यह ट्रांसफर तीन प्रमुख **BOT प्रोजेक्ट्स** के लिए होगा:
१. **IRB हापुड़-मुरादाबाद टोलवे**
२. **कैथल टोलवे**
३. **किशनगढ़-गुलाबपुरा टोलवे**

ये तीनों एसेट्स लगभग 1,800 लेन किलोमीटर में फैले हैं।
इन एसेट्स की **100% इक्विटी की डील ₹8,450 करोड़** में तय की गई है, जबकि इनकी **इक्विटी वैल्यू लगभग ₹4,905 करोड़** है।

इस ट्रांजैक्शन के लिए बाइंडिंग टर्म शीट पर हस्ताक्षर हो चुके हैं।

### जुटाई गई रकम का कहां होगा इस्तेमाल?

१. इस डील से प्राप्त फंड को **₹15,000 करोड़ मूल्य के नए रोड इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स** में लगाया जाएगा।
२. यह प्रक्रिया **IRB ग्रुप की "एसेट चर्न स्ट्रैटेजी"** का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य कैपिटल की रीसाइक्लिंग और तेजी से ग्रोथ सुनिश्चित करना है।
३. इस रणनीति के अंतर्गत, अगले 3 वर्षों में **IRB का एसेट बेस ₹80,000 करोड़ से बढ़कर ₹1,40,000 करोड़** तक पहुंचने की उम्मीद है।

### IRB चेयरमैन का बयान

**वीरेंद्र डी. म्हैसकर**, चेयरमैन एवं एमडी ने कहा:
"ट्रांसफर किए जा रहे एसेट्स की तुलना में इस सौदे का साइज लगभग दोगुना है। इससे न सिर्फ रोड सेक्टर बल्कि अन्य सेक्टरों में भी फंडिंग के अवसर बढ़ेंगे। साथ ही InvIT फंड के पोर्टफोलियो में अधिक रेवेन्यू जेनरेट करने वाले एसेट्स के जुड़ने से हमारी एवरेज लाइफ भी बढ़ेगी।"

### कंपनी के शेयर की स्थिति

शुक्रवार को **BSE पर IRB इंफ्रास्ट्रक्चर** का **शेयर ₹0.19 या 0.37%** की गिरावट के साथ **₹51.26** पर बंद हुआ।
**IRB इंफ्रास्ट्रक्चर** भारत में **बीओटी मॉडल** पर आधारित सड़क और हाईवे प्रोजेक्ट्स में निवेश करने वाली प्रमुख कंपनियों में से एक है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.